## कोविड के कारण निर्यात पर पड़ा नकारात्मक असर अब खात्मे की ओर, सरकार ने ली राहत की सांस

# यूपी से टेक्सटाइल व लेदर का निर्यात बढ़ा

राज्य मुख्यालय | **हेमंत श्रीवास्तव**

चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के पहले ही दो माह के रिपोर्ट निर्यातकों और कारीगरों को उत्साहित करने वाले हैं। अप्रैल और मई में राज्य से 21500.85 करोड़ रुपये मूल्य के उत्पादों का निर्यात हुआ है। राज्य से लेदर, टेक्सटाइल्स, ग्लासवेयर जैसे पापुलर उत्पादों का निर्यात ग्राफ बढ़ा है।

पिछले वर्ष के मुकाबले 152.67 फीसदी अधिक निर्यात हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर इन दो महीनों में निर्यात वृद्धि का यह ग्राफ तीसरे नंबर पर है। निर्यात वृद्धि में तमिलनाडु और गुजरात के बाद यूपी है। कुल निर्यात के मामले में इन महीनों में यूपी देश में छठवें नंबर पर है। हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर इन दो महीनों में निर्यात ग्राफ में 108.58 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।




## देश के प्रमुख राज्यों से निर्यात की स्थिति

| राज्य | अप्रैल-मई 2020 | अप्रैल व मई 2021 | वृद्धि % |
|---|---|---|---|
| गुजरात | 53076.53 | 136171.97 | 156.56 |
| महाराष्ट्र | 37067.85 | 87900.03 | 137.38 |
| तमिलनाडु | 12936.82 | 37119.68 | 186.93 |
| आंध्रप्रदेश | 18768.94 | 25610.01 | 36.45 |
| कर्नाटका | 13363.95 | 25565.42 | 91.30 |
| उत्तर प्रदेश | 8511.34 | 21505.85 | 152.67 |

*(रुपये करोड़ में)*

*इन दो महीनों में निर्यात में 108.58 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है*

**इनका निर्यात बढ़ाः** कालीन, दरी, टेक्सटाइल्स फैब्रिक, ओवेन फैब्रिक, मैनमेड स्टेपल फैब्रिक, फुटवियर, ग्लासवेयर, आयरन व स्टील, एल्युमिनियम के उत्पाद।

"दस देशों के राजदूत के माध्यम से निर्यात बढ़ाने का माहौल बनाया गया। नई निर्यात नीति का लाभ भी निर्यातकों को मिला।

**डा. नवनीत सहगल**, अपर मुख्य सचिव